
**भूगोल कोड -029**
**प्रतिदर्श प्रश्न पत्र (संशोधित)***
**कक्षा –XII (2025 -26)**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक :70**


**सामान्य निर्देश:**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए:

1. इस प्रश्न-पत्र में 30 प्रश्न हैं।सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. यह प्रश्न-पत्र पाँच खण्डों में विभाजित है - खण्ड क, ख, ग, घ एवं ङ।
3. खण्ड क- प्रश्न संख्या 1 से 17 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।
4. खण्ड ख -प्रश्न संख्या 18 एवं 19 स्रोत आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है।
5. खण्ड ग-प्रश्न संख्या 20 से 23 तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।
6. खण्ड घ-प्रश्न संख्या 24 से 28 दीर्घ- उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पांच अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।
7. खण्ड ङ- प्रश्न संख्या 29 व 30 मानचित्र आधारित प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न पांच अंक का है ।
8. इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के लिए, दृश्य आधारित प्रश्नों, मानचित्र आदि के स्थान पर एक अलग प्रश्न दिया गया है। ऐसे प्रश्न केवल दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों द्वारा ही हल किए जाने हैं।
9. प्रश्न पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। हालांकि, खंड A को छोड़कर सभी खंडों में कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प प्रदान किया गया है।

| संख्या | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| | **खंड-क** | |
| 1. | नीचे दिए गए दंड आरेख में विभिन्न देशों की जनसंख्या प्रदर्शित की गई है। आरेख में दिखाए गए तीन सबसे कम जनसंख्या वाले देशों की अनुमानित कुल जनसंख्या कितनी है?   A. 500 मिलियन | 1 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | B. 400 मिलियन<br>C. 300 मिलियन<br>D. 200 मिलियन<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 1 के स्थान पर है।**<br>विश्व के सर्वाधिक आबादी वाले देशों की संख्या किस महाद्वीप में सबसे अधिक है?<br>A. अफ्रीका<br>B. उत्तरी अमेरिका<br>C. एशिया<br>D. दक्षिण अमेरिका | |
| 2. | नीचे दिए गए आरेख का अध्ययन कीजिए तथा दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br><br><br><br>एक देश वर्तमान में कम जन्म दर, कम मृत्यु दर, और उन्नत स्वास्थ्य देखभाल और औद्योगिक ढांचे के साथ एक अत्यधिक शहरीकृत समाज का अनुभव कर रहा है। जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत के आधार पर, यह देश संभवतः किस अवस्था में है?<br>A. अवस्था-I :उच्च उतार चढ़ाव।<br>B. अवस्था-II : विस्तृत होती जनसंख्या।<br>C. अवस्था-III : निम्न उतार चढ़ाव पूर्व संक्रमण।<br>D. पूर्व संक्रमण अवस्था।<br><br>**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 2 के स्थान पर है।** | 1 |


| | | |
|---|---|---|
| | निम्नलिखित में से कौन सी जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की प्रथम अवस्था की एक विशेषता है?<br>A. उच्च प्रजननशीलता व उच्च मर्त्यता।<br>B. प्रजननशीलता और मर्त्यता दोनों अधिक घट जाती है।<br>C. जनसंख्या वृद्धि तीव्र होती है।<br>D. उच्च प्रजननशीलता दर और घटती मर्त्यता दर। | |
| 3. | देश Y का HDI 0.950 है और यह मानव विकास में सबसे उच्च स्थान रखने वाले देशों में शामिल है। इसे इस स्थिति को बनाए रखने के लिए किस नीति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए?<br>A. प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक उत्पादन बढ़ाना।<br>B. स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा के लिए अवसंरचना में निवेश नहीं करना।<br>C. आर्थिक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए शिक्षा पर कम ध्यान देना।<br>D. पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक समानता पर नीतियों को मजबूत करना। | 1 |
| 4. | नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है। कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।<br><br>**अभिकथन (A):** जनसंख्या परिवर्तन किसी क्षेत्र की अर्थिक प्रगति, सामाजिक उत्थान, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का महत्त्वपूर्ण सूचक होता है।<br>**कारण (R):** जनसंख्या वृद्धि अथवा जनसंख्या परिवर्तन का अभिप्राय किसी क्षेत्र में समय की किसी निश्चित अवधि के दौरान बसे हुए लोगों की संख्या में परिवर्तन से है। इसे निरपेक्ष संख्या अथवा प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त किया जा सकता है।<br>**विकल्प :**<br>A. (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R),(A) का सही स्पष्टीकरण है।<br>B. (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R),(A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।<br>C. (A) सत्य है लेकिन (R)असत्य है।<br>D. (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है। | 1 |
| 5. | . निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधि चतुर्थ क्रियाकलाप का एक उदाहरण है?<br>A. रेलमार्ग के माध्यम से खदानों से कारखानों तक कोयले का परिवहन।<br>B. एक वकील जो कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए अनुबंध तैयार करता है।<br>C. एक सेल्सपर्सन (विक्रेता) जो स्थानीय सुपरमार्केट में काम कर रहा है।<br>D. एक वैज्ञानिक जो अनुसंधान प्रयोगशाला में आनुवांशिक रूप से संशोधित फसलें विकसित कर रहा है। | 1 |

<table>
<tr><td>6.</td><td>निम्नलिखित नीतियाँ/पहल को मानव विकास के उन स्तंभों से मिलाएँ जो वे प्रतिबिंबित करते हैं:<br><br>

| | नीतियाँ/पहल | | मानव विकास के स्तंभ |
|---|---|---|---|
| 1 | लड़कियों और लड़कों के लिए शिक्षा तक समान पहुंच। | a | सतत पोषणीयता |
| 2 | भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों की उपलब्धता। | b | समता |
| 3 | स्थानीय शासन में भागीदारी को बढ़ावा देना। | c | उत्पादकता |
| 4 | उच्च दक्षता के लिए कौशल विकास कार्यक्रम। | d | सशक्तिकरण |

<br>A. 1-a, 2-b, 3-c, 4-d<br>B. 1-b, 2-a, 3-d, 4-c<br>C. 1-c, 2-d, 3-b, 4-a<br>D. 1-d, 2-c, 3-a, 4-b</td><td>1</td></tr>
<tr><td>7.</td><td>क्षेत्रीय व्यापार ब्लॉक (समूह) का मुख्य उद्देश्य क्या है?<br>A. सदस्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय विनिमय को सीमित करके वैश्विक व्यापार को घटाना।<br>B. विकासशील देशों में व्यापार प्रतिबंधों को कम करते हुए भौगोलिक निकटता और समान या पूरक व्यापारिक वस्तुएं रखने वाले देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देना।<br>C. वैश्विक संगठनों को प्रतिस्थापित करना और विश्व स्तर पर सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार गतिविधियों को नियंत्रित करना।<br>D. सदस्य देशों के बीच व्यापार शुल्क लागू करना और मुक्त व्यापार समझौतों को रोकना।</td><td>1</td></tr>
<tr><td>8.</td><td>दिए गए आरेख में वर्ष 2013-14 से 2021-22 तक के निर्यात और आयात (करोड़ रुपये में) के प्रारुप को दर्शाया गया है।</td><td>1.</td></tr>
</table>

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।




*स्रोत: आर्थिक सर्वेक्षण, 2022–23*

आरेख के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

A. 2013-14 से 2021-22 तक आयात लगातार बढ़ा।

B. 2016-17 में निर्यात और आयात लगभग बराबर थे।

C. 2013-14 और 2016-17 के बीच निर्यात में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं हुआ।

D. 2016-17 और 2021-22 के बीच आयात की तुलना में निर्यात में तेज वृद्धि देखी गई।

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 8 के स्थान पर है।**

निम्न मे से कौन सा कथन भारत के आयात के संबंध में सत्य है?

A. 1950 और 1960 के दशक में भारत द्वारा आयात की प्रमुख वस्तुएँ मशीनरी एवं उपस्कर थे।

B. भारत का निर्यात आयात से अधिक था जिसके कारण भुगतान संतुलन बिल्कुल विपरीत था।

C. 1970 के दशक के बाद हरित क्रांति में सफलता मिलने पर खाद्यान्नों का आयात शुरू कर दिया गया।

D. भारत अब अधिक पेट्रोलियम आयात करता है क्योंकि इसका उपयोग ईंधन और उद्योगों में किया जाता है।

9. 1991- 2001 और 2001-2011 के बीच भारत की दशकीय वृद्धि दर में उल्लेखनीय गिरावट आई। यदि कोई नीति निर्माता स्थिर वृद्धि दर बनाए रखना चाहता है, तो निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति सबसे प्रभावी होगी? 1

A. जनसंख्या वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उच्च जन्म दर को प्रोत्साहित करना।

B. स्वास्थ्य देखभाल पर कम निवेश करना।

C. ग्रामीण से शहरी प्रवास को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियां लागू करना।

D. परिवार नियोजन के माध्यम से संतुलित जनसंख्या वृद्धि को बढ़ावा देना।

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 10. | यदि किसी क्षेत्र में 15 वर्ष से कम और 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का अनुपात अधिक हो तो, कौन सी चुनौती उत्पन्न होने की सबसे अधिक संभावना है?<br>A. उच्च साक्षरता दर<br>B. कम आश्रित जनसंख्या अनुपात<br>C. कार्यशील जनसंख्या पर आर्थिक दबाव<br>D. उच्च श्रम सहभागिता | 1 |
| 11. | 1990 के दशक में उदारीकरण और मुक्त बाजार अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देकर भारतीय कृषि के विकास को प्रभावित करने के लिए भारत सरकार द्वारा निम्न में से कौन से उपाय को नहीं अपनाया था?<br>A. किसानों के बीमा, कृषि भंडारण, फसलों, विस्तार गतिविधियों, बीजों, कीटनाशकों, कृषि मशीनरी आदि पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए किसान पोर्टल का गठन करना।<br>B. सतत कृषि के लिए राष्ट्रीय मिशन का शुभारंभ, जिसका उद्देश्य उत्पादकता, स्थिरता और लचीलापन बढ़ाना है, साथ ही प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना भी है।<br>C. परंपरागत कृषि विकास योजना (PKVY) और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) जैसी योजनाओं के माध्यम से देश में जैविक खेती को बढ़ावा देना।<br>D. 1960 के दशक के मध्य में गेहूँ (मैक्सिको) तथा चावल (फिलिपींस) की किस्में जो अधिक उत्पादन देने वाली नई किस्में थीं, कृषि के लिए उपलब्ध होना। | 1 |
| 12. | (table below) | 1 |

| कृषि योग्य भू-उपयोग वर्ग | रिपोर्टिंग क्षेत्रफल का प्रतिशत 1950-51 | रिपोर्टिंग क्षेत्रफल का प्रतिशत 2014-15 | समस्त कृषि योग्य भूमि का प्रतिशत 1950-51 | समस्त कृषि योग्य भूमि का प्रतिशत 2014-15 |
|---|---|---|---|---|
| कृषि योग्य बंजर भूमि | 8.0 | 4.0 | 13.4 | 6.8 |
| पुरातन परती भूमि | 6.1 | 3.6 | 10.2 | 6.2 |
| वर्तमान परती भूमि | 3.7 | 4.9 | 6.2 | 8.4 |
| निवल बोया गया क्षेत्र | 41.7 | 45.5 | 70.0 | 78.4 |
| **सकल कृषि योग्य भूमि** | **59.5** | **58.0** | **100.00** | **100.00** |

1950-51 और 2014-15 के बीच भारत में कृषि योग्य भू-उपयोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन तालिका के आधार पर सही है?

A. रिपोर्टिंग क्षेत्रफल के रूप में जो कृषि योग्य बंजर भूमि का प्रतिशत था,वह 8.0% से घटकर 4.0% हो गया।

B. समस्त कृषि योग्य भूमि के प्रतिशत के रूप में निवल बोया गया क्षेत्र 78.4% से घटकर 70.0% हो गया।

C. रिपोर्टिंग क्षेत्रफल के रूप में जो वर्तमान परती भूमि का प्रतिशत था,वह 4.9% से घटकर 3.9% हो गया।

D. रिपोर्टिंग क्षेत्रफल के प्रतिशत के रूप में सकल कृषि योग्य भूमि 58.0% से बढ़कर 59.5% हो गई।

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 13. | निम्नलिखित में से कौन सा कथन प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) के उद्देश्यों का सही वर्णन करता है?<br>1. वर्षा पोषित क्षेत्रों में पारंपरिक सिंचाई विधियों के विशेष उपयोग को बढ़ावा देना।<br>2. सभी कृषि खेतो के लिए सुरक्षात्मक सिंचाई तक पहुंच सुनिश्चित करना और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करना।<br>3. प्रति बूंद अधिक फसल जैसी उचित प्रौद्योगिकियों के माध्यम से पानी का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए जल स्रोत, वितरण और इसके कुशल उपयोग के एकीकरण को बढ़ावा देना।<br>4. स्थायी जल संरक्षण प्रणालियों को अपनाना और खेत में जल उपयोग दक्षता में सुधार।<br><br>A. केवल 1 और 3<br>B. केवल 2, 3, और 4<br>C. केवल 1, 2, और 4<br>D. 1, 2, 3, और 4 | 1 |
| 14. | एक नीति निर्माता के रूप में, आपको समुदाय में व्यावहारिक बदलाव को बढ़ावा देने का काम सौंपा गया ताकि उपभोग की मौजूदा मानसिकता से हटकर,संरक्षण और स्मार्ट जल प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया जा सके, तो निम्नलिखित में से आप किस कार्यक्रम के कार्यान्वयन को प्राथमिकता देंगे?<br><br>A. अरवारी पानी संसद<br>B. अटल भूजल योजना<br>C. राष्ट्रीय जल नीति, 2012<br>D. जल क्रांति अभियान | 1 |
| 15 | नीचे दिए गए प्रश्नों में दो कथन दिए गए हैं जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में चिह्नित किया गया है। कथनों को पढ़ें और सही विकल्प चुनें।<br><br>**अभिकथन (A):** जैव ऊर्जा, ऊर्जा परिवर्तन का एक संभावित स्रोत है। इसे विद्युत ऊर्जा, ताप - ऊर्जा अथवा खाना पकाने के लिए गैस में परिवर्तित किया जा सकता है।<br>**कारण (R):** यह अपशिष्ट एवं कूड़ा-कचरा प्रक्रमित करेगा एवं ऊर्जा भी पैदा करेगा। यह विकासशील देशों के ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक जीवन को भी बेहतर बनाएगा तथा पर्यावरण प्रदूषण घटाएगा, उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ाएगा।<br>**विकल्प :** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | A. (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R),(A) का सही स्पष्टीकरण है।<br>B. (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R),(A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।<br>C. (A) सत्य है लेकिन (R)असत्य है।<br>D. (A) असत्य है लेकिन (R) सत्य है | |
| 16. | युग्म-I और युग्म-II को सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए। | 1 |

| | युग्म-I (परिवहन की विधा) | | युग्म-II ( वर्णन) |
|---|---|---|---|
| a | वायुमार्ग | 1 | भूमि पर भारी सामान के लिए उपयुक्त लेकिन जुड़े हुए क्षेत्रों तक ही सीमित। |
| b | सड़कमार्ग | 2 | कम लागत में स्थूल वस्तुओ की बड़ी मात्रा को ले जाने में सक्षम। |
| c | रेलमार्ग | 3 | उच्च मूल्य, कम मात्रा वाली वस्तुओं के लिए लचीली व्यवस्था और त्वरित वितरण। |
| d | जलमार्ग | 4 | छोटी दूरी के व्यापार और वितरण के लिए व्यापक रूप से अभिगम्य और उपयोग में आसान। |

A. a-3, b-4, c-1, d-2
B. a-2, b-3, c-4, d-1
C. a-1, b-2, c-3, d-4
D. a-4, b-1, c-2, d-3

| | | |
|---|---|---|
| 17. | उड़ान/UDAN (उड़े देश का आम नागरिक) विश्व स्तर पर अपनी तरह की पहली योजना है, जिसे क्षेत्रीय विमानन बाजार में तेजी लाने के लिए डिज़ाइन किया गया है । आम नागरिक के लिए उड़ान को किफायती बनाकर क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए 'नागर विमानन मंत्रालय'(MoCA) द्वारा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (RCS) - उड़ान की कल्पना की गई थी।<br><br>**योजना का मुख्य विचार है:**<br>A. सक्षम नीतियों और प्रोत्साहनों के माध्यम से एयरलाइनों को क्षेत्रीय और दूरस्थ मार्गों पर उड़ानें संचालित करने के लिए प्रोत्साहित करना ।<br>B. महानगरों में विश्वस्तरीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के विकास को सुनिश्चित करना।<br>C. वैश्विक उड़ान संचालन का विस्तार करने के लिए निजी एयरलाइनों को सब्सिडी प्रदान करना। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | D. ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापार और निर्यात गतिविधियों का समर्थन करने के लिए वायु भार परिवहन के बुनियादी ढांचे में सुधार करना। | |
| **खंड-ख** | | |
| 18. | दिए गए स्त्रोत का अध्ययन ध्यान पूर्वक कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>ग्रिफिथ टेलर ने 1920 मे एक नयी संकल्पना नवनिश्चयवाद प्रस्तुत की, यह संकल्पना दर्शाती है कि न तो यहाँ नितांत आवश्यकता की स्थिति (पर्यावरणीय निश्चयवाद) है और न ही नितांत स्वतंत्रता (संभववाद) की दशा है। इसका अर्थ है कि प्राकृतिक नियमों का अनुपालन करके हम प्रकृति पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें लाल संकेतों पर प्रत्युत्तर देना होगा और जब प्रकृति रूपांतरण की स्वीकृति दे तो वे अपने विकास के प्रयत्नों में आगे बढ़ सकते हैं। इसका अर्थ है कि ऐसी संभावनाएँ उन्हीं सीमाओं के भीतर विकसित की जा सकती हैं, जो पर्यावरण को नुकसान न पहुँचाएँ और जहाँ बिना दुर्घटनाओं के निरंतर कार्य संभव हो।विकसित अर्थव्यवस्थाओं के द्वारा चली गई मुक्त चाल के परिणामस्वरूप हरितगृह प्रभाव,ओजोन परत अवक्षय,भूमंडलीय तापन,पीछे हटती हिमनदियाँ,निम्नीकृत भूमियाँ हैं।<br>i. नवनिश्चयवाद की अवधारणा किसने प्रस्तावित की ?<br>ii. टेलर ने प्रकृति और देश के आर्थिक कार्यक्रम के बीच संबंध को कैसे देखा?<br>iii. नवनिश्चयवाद वर्तमान समय के संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक क्यों हो गया है ? | 1+1+1 =3 |
| 19. | दिए गए स्त्रोत का अध्ययन ध्यान पूर्वक कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br><br>मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन डॉ. महबूब-उल-हक के द्वारा किया गया था। डॉ. हक ने मानव विकास का वर्णन एक ऐसे विकास के रूप में किया जो लोगों के विकल्पों में वृद्धि करता है और उनके जीवन में सुधार लाता है। इस अवधारणा में सभी प्रकार के विकास का केंद्र बिंदु मनुष्य है। ये विकल्प स्थिर नहीं हैं बल्कि परिवर्तनशील हैं। विकास का मूल उद्देश्य ऐसी दशाओं को उत्पन्न करना है जिनमें लोग सार्थक जीवन व्यतीत कर सकते हैं।<br>मानव विकास सूचकांक (HDI) स्वास्थ्य, शिक्षा और संसाधनों तक पहुँच जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निष्पादन के आधार पर देशों का क्रम तैयार करता है। यह क्रम 0 से 1 के बीच के स्कोर पर आधारित होता है जो एक देश, मानव विकास के महत्त्वपूर्ण सूचकों में अपने रिकार्ड से प्राप्त करता है। मानव विकास को मापने की विधियाँ निरंतर परिष्कृत हो रही हैं और मानव विकास के विभिन्न तत्त्वों को ग्रहण करने की नूतन | 1+1+1 =3 |

| | | |
|---|---|---|
| | विधियों का अनुसंधान हो रहा है। शोधकर्ताओं ने किसी क्षेत्र विशेष में भ्रष्टाचार के स्तर और राजनीतिक स्वतंत्रता के बीच संबंध ज्ञात किए हैं।<br>दो दशकों में पहली बार लगातार दो वर्षों में अपने स्कोर में गिरावट दर्ज करने के बाद, मानव विकास सूचकांक (HDI) 2021 में भारत 191 देशों में से 132वें स्थान पर है।<br>(स्रोत: https://ncert.nic.in/textbook.php?lhgy1=3-8)<br>2023 का HDI नई ऊंचाई पर पहुंच गया है, जबकि 2020 और 2021 के दौरान कोविड़-19 महामारी के कारण इसमें भारी गिरावट आई थी।संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा 13 मार्च, 2024 को जारी 2023-24 मानव विकास रिपोर्ट में पाया गया कि अमीर देशों ने अभूतपूर्व विकास का अनुभव किया, लेकिन दुनिया के आधे सबसे गरीब देश अभी भी अपने कोविड़-पूर्व संकट स्तर से नीचे बने हुए हैं।<br>2023-24 मानव विकास रिपोर्ट में स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और आइसलैंड ने राष्ट्रीय मानव विकास सूचकांकों में शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक, दक्षिण सूडान और सोमालिया सबसे पीछे रहे।<br>(स्रोत:https://www.downtoearth.org.in/governance/poverty-reduction-in-reverse-far-right-populism-to-blame-says-un-2023-human-development-report-95011)<br><br>i. स्रोत के अनुसार,मानव विकास सूचकांक (HDI) क्या मापता है ?<br>ii. HDI रिपोर्ट 2023 ने दुनिया के सबसे गरीब देशों के संबंध में किस महत्वपूर्ण प्रवृत्ति पर प्रकाश डाला था?<br>iii. 2023 मे मानव विकास सूचकांक में कौन से तीन देश सर्वोच्च स्थान पर थे ? | |
| | **खंड-ग** | |
| 20. | बाह्यस्त्रोत किस प्रकार,इसे करने वाले देशों और इससे नौकरियां पाने वाले देशों को प्रभावित करता है, स्पष्ट कीजिये । | 3 |
| 21. | प्रदूषण, संसाधनों की कमी और भीड़भाड़ जैसी चुनौतियों को संबोधित करते हुए, हम बढ़ते शहर और नवीन शहरो में सतत शहरी विकास को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं? | 3 |
| 22. | उन तीन उपायों को पहचानें और स्पष्ट करें, जिन्हें शहरी योजनाकार अपनाकर नगरीय परिवहन चुनौतियों सहित भीड़भाड़, प्रदूषण और अनियंत्रित स्थिति (इनएफेसेंसी) का समाधान करने के लिए अपना सकते हैं। | 3 |
| 23. | 1951-1981 की अवधि के दौरान, भारत में जनसंख्या वृद्धि की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा कीजिए, जिसमें इस चरण के दौरान तेजी से जनसंख्या वृद्धि के मुख्य कारण शामिल हों?<br>**अथवा**<br>किशोर कौन हैं? इन्हें जनसंख्या में महत्वपूर्ण क्यों माना जाता है? समाज को किशोरों से निपटने में किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है? | 3<br><br>1+1+1 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

## खंड-घ

**24.** चलवासी पशुचारण किस प्रकार विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों का अनुकूलन है, स्पष्ट कीजिए। अपने उत्तर की व्याख्या विश्व के विभिन्न क्षेत्रों के उदाहरणों से कीजिए। — 5

**अथवा**

"खनन ने मानव विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, विशेषत:औद्योगिक क्रांति के बाद से" कथन को ध्यान में रखते हुए, खनन गतिविधियों को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या करें। विकसित और विकासशील देशों पर खनन के आर्थिक और सामाजिक प्रभाव क्या हैं, और ये प्रभाव उनके औद्योगीकरण के स्तर और श्रम गतिशीलता के आधार पर कैसे भिन्न होते हैं ? — 2+3=5

**25.** छोटे पैमाने के उद्योगों के विकास से भारत, चीन, ब्राज़ील और इंडोनेशिया जैसे देशों को कैसे लाभ हुआ है ?
प्रौद्योगिक ध्रुव (Technopolies) क्या है ? कोई दो उदारहण दीजिये। — 3+2=5

**अथवा**

उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं पांच कारकों का उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। — 5

**26.** नगरीय झुग्गी-झोपड़ियों के निवासियों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है,स्पष्ट कीजिए। ये समस्याएँ उनके जीवन की गुणवत्ता को कैसे प्रभावित करती हैं ? — 3+2=5

**अथवा**

"ध्वनि प्रदूषण स्थान विशिष्ट होते हुए भी एक गंभीर समस्या बनकर उभरा है।" कथन की विवेचना कीजिए। — 5


**27.** भारत के निर्यात संगठन, 2015-2022 को दर्शाने वाली तालिका का अध्ययन करें और उस पर आधारित प्रश्न का उत्तर दें। — 5

| वस्तुएँ/माल | 2015-16 | 2016-17 | 2020-21 | 2021-22 |
|---|---|---|---|---|
| कृषि एवं समवर्गी उत्पाद | 12.6 | 12.3 | 14.3 | 11.9 |
| अयस्क एवं खनिज | 1.6 | 1.9 | 3.2 | 2.0 |
| विनिर्मित वस्तुएँ | 72.9 | 73.6 | 71.2 | 67.8 |
| पेट्रोलियम व अपरिष्कृत उत्पाद | 11.9 | 11.7 | 9.2 | 16.4 |
| अन्य वस्तुएँ | 1.1 | 0.5 | 2.1 | 1.9 |

स्रोत : आर्थिक सर्वेक्षण 2016-17, 2022-23


भारत का निर्यात संगठन और प्रतिरूप 2015-16 के बाद से कैसे विकसित हुआ ? इसके प्रमुख पाँच परिवर्तनों पर प्रकाश डालें।

**28.** समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आईटीडीपी) के तहत भरमौर जनजातीय क्षेत्र के लिए एक विकास योजना तैयार करें, जिसमें क्षेत्र की जलवायु परिस्थितियों, — 5

| | | |
|---|---|---|
| | सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों और सतत विकास की संभावनाओं पर विचार करते हुए कृषि, शिक्षा और आजीविका के अवसरों में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया जा सके।<br>**अथवा**<br>इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र के विकास के कारण वहाँ के भौतिक पर्यावरण का निम्नीकरण हुआ है, इसके कमान क्षेत्र में पारिस्थितिकीय संतुलन को पुनः स्थापित करने के लिए कोई पाँच उपाय सुझाएँ। | |
| | **खंड-ड़** | |
| 29. | संसार के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र में 7 भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F व G से दिखाया गया है। इनमें से किन्हीं पांच की पहचान निम्नलिखित जानकारी की सहायता से कीजिए व उनके सही नाम लिखिए-<br><br>A. यूरोप का एक मुख्य समुद्री पतन ।<br>B. दक्षिण अफ्रीका में स्थित एक महत्वपूर्ण समुद्री पतन।<br>C. वह नहर जो अटलांटिक महासागर और प्रशांत महासागर को जोड़ती है।<br>D. दक्षिण अमेरिका में स्थित निर्वाहन संग्रहण का एक क्षेत्र।<br>E. दक्षिण अमेरिका का एक मुख्य हवाई अड्डा।<br>F. ट्रांस-साइबेरियन रेलवे का सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन ।<br>G. ऑस्ट्रेलिया में स्थित विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक क्षेत्र।<br>**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है।**<br>निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए-<br>A. यूरोप के एक मुख्य समुद्री पतन का नाम लिखिए। | 5 |

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| | B. दक्षिण अफ्रीका के एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम लिखिए ।<br>C. यूरोप के एक महत्वपूर्ण आंतरिक जलमार्ग का नाम लिखिए ।<br>D. दक्षिण अमेरिका में स्थित निर्वाहन संग्रहण के एक क्षेत्र का नाम लिखिए ।<br>E. दक्षिण अमेरिका के एक मुख्य हवाई अड्डे का नाम लिखिए ।<br>F. ट्रांस-साइबेरियन रेलवे के सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।<br>G. ऑस्ट्रेलिया में स्थित विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक क्षेत्र का नाम लिखिए । | |
| 30. | भारत के दिए गए राजनैतिक रेखा मानचित्र में निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं पांच को उपयुक्त चिन्हो द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए।<br><br>A. ओडिशा में स्थित एक महत्वपूर्ण लौह अयस्क खदान।<br>B. भारत का सबसे दक्षिणी समुद्री पत्तन।<br>C. गुजरात में स्थित तेल शोधन शाला।<br>D. सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य।<br>E. चाय का अग्रणी उत्पादक राज्य।<br>F. कर्नाटक में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा।<br>G. पश्चिम बंगाल की एक महत्वपूर्ण कोयला खदान। | 5 |




**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर है।**

निम्नलिखित में से किन्हीं पांच प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

A. ओडिशा में स्थित एक महत्वपूर्ण लौह अयस्क खदान का नाम लिखिए।
B. भारत के सबसे दक्षिणी समुद्री पत्तन का नाम लिखिए।
C. गुजरात में स्थित तेल शोधन शाला का नाम लिखिए।
D. सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले राज्य का नाम लिखिए।
E. कपास के अग्रणी उत्पादक राज्य का नाम लिखिए।
F. कर्नाटक में स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाईअडे का नाम लिखिए।
G. पश्चिम बंगाल की एक महत्वपूर्ण कोयला खदान का नाम लिखिए।

*कृपया ध्यान दें, शैक्षणिक सत्र 2024-25 की मूल्यांकन योजना वर्तमान सत्र अर्थात 2025-26 में भी जारी रहेगी।